केन्द्रीय विद्यालय संगठन में प्रधानाचार्यों के विरुद्ध शिकायतें

*467. श्री मुनव्वर हसन: क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन में प्रतिनियुक्ति पर लगाए गए प्रधानाचार्यों के विरुद्ध उनके गत सत्र के एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान बहुत-सी शिकायतें प्राप्त हुई जिसके परिणामस्वरूप उनमें से कुछ की प्रतिनियुक्तियां रद्द की गयीं अथवा उनमें से कुछ का स्थानांतरण कर दिया गया है या ऐसे कुछ मामले विचाराधीन हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) अब तक किन-किन प्रधानाचार्यों के विरुद्ध कार्रवाई की गयी है?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में राज्य मंत्री (श्री बची सिंह रावत): (क) से (ग) 88 प्रधानाचार्यों ने वर्ष 1999-2000 के दौरान प्रतिनियुक्ति आधार पर कार्यभार ग्रहण किया जिनमें से 8 प्रधानाचार्यों के विरुद्ध शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जांच करने के बाद एक प्रधानाचार्य के विरुद्ध शिकायत झूठी तथा निराधार पाई गई थी। एक प्रधानाचार्य को प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरित कर दिया गया है और एक प्रधानाचार्य की नियुक्ति निरस्त कर दी गई है। पांच अन्य प्रधानाचार्यों की विरुद्ध प्राप्त शिकायतों की जांच की जा रही है।

Complaints against Principals in KVS

†*467. SHRI MUNAVVAR HASAN: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that many complaints have been received against the Principals appointed by Kendriya Vidyalaya Sangathan on deputation, during their one year tenure in the last session resulting in cancellation of deputations or transfer of some of them, or such matters are under consideration;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the details of the Principals against whom action has been taken so far?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF SCIENCE AND TECHNOLOGY IN THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY (SHRI BACHI SINGH RAWAT): (a) to (c) From amongst the 88 Principals who joined on deputation basis during 1999-2000, complaints have been received against eight Principals. On inquiry, complaint against one Principal was found to be false and baseless. One Principal has been transferred on administrative grounds and appointment of one Principal has

†Original notice of the Question was received in Hindi.

been cancelled. Complaints received against the other five Principals are under investigation.

श्री मुनव्वर हसन : माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से यह जानना चाहूंगा कि नजीराबाद के वर्तमान विद्यालय के प्रधानाचार्या के खिलाफ जो शिकायतें मिली हैं उनका ब्यौरा क्या है?

श्री बची सिंह रावत : महोदय, केन्द्रीय विद्यालय, नजीराबाद के प्रधानाचार्या श्रीमती विजय लक्ष्मी नागर के विपरीत जो आरोप थे वह काफी गंभीर नहीं थे। कम्प्यूटर की खरीद के मामले में केवल कुछ प्रक्रिया संबंधी दोष पाए गए, ऐसा असिस्टेंट कमिश्नर, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, रीजनल आफिस, जयपुर के द्वारा सूचित किया गया है।

श्री मुनव्वर हसन : इसमें भ्रष्टाचार के बहुत मामले हैं जो इस प्रधानाचार्या ने किए हैं। तो क्या इनकी जांच की गई है? उसके ऊपर आप लोगों ने कोई कार्रवाई नहीं की है। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि जिन लोगों ने, जिन शिक्षकों ने आयुक्त महोदय से उनकी शिकायतें की हैं उनके तो तबादले कर दिए गए हैं, उनको तो सजा अवश्य दी गई है लेकिन इस प्रधानाचार्या को अभी तक कोई दंड, कोई सजा नहीं दी गई है। तो इस बारे में मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि ऐसा क्यों है?

श्री बची सिंह रावत : सभापति जी, माननीय सदस्य को मैं आश्वस्त करना चाहूंगा कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन की ओर से कोई ऐसा नहीं होगा जिससे कहीं पर कोई भेदभाव की स्थिति आए या अनावश्यक किसी को दण्डित किया जाए। यह जो पांच प्रधानाचार्य हैं जिनके विरुद्ध जांच चल रही है इनका मामला उसी में है और इनके विपरीत जांच विचाराधीन है और चल रही है।

Career Advancement Scheme of UGC

*468. PROF. (SHRIMATI) BHARATI RAY: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether the University Grants Commission has introduced a Career Advancement Scheme for promotion of Lecturers to Readers and of Readers to Professors;

(b) whether the scheme has been implemented by the Universities and Colleges; and

(c) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF SCIENCE AND TECHNOLOGY IN THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY (SHRI BACHI SINGH RAWAT): (a) to (c) The Career